दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 10 मार्च 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 162

## सीबीआई का दिल्ली-मुंबई के कई ठिकानों पर छापेमारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आर्थिक संकट में फंसे यस बैंक के फाउंडर राणा कपूर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अलावा सीबीआई की तरफ से भी उनके खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने का खुलासा हुआ है।







कपूर को ईडी ने रविवार को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार किया था। विशेष अवकाश अदालत ने उन्हें 11 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा है। वहीं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यस बैंक मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और मुंबई में डीएचएफएल के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने मुंबई और दिल्ली में कई ठिकानों पर छापे मारे।

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने कम से कम सात जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी वाले ठिकानों में अधिकतर जगह मुंबई में ही स्थित है। सीबीआई सूत्रों ने जानकारी दी कि जब छापेमारी पूरी हो जाएगी उसके बाद वह प्रेस को इस बारे में जानकारी देंगे। सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा ने 7 मार्च को यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर, दोहित अर्बन वेंचर्स, कपिल वधावन और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार की रोकथाम के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उ.कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया : जापान

**टोक्यो।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया जो जापान के समुद्री क्षेत्र की ओर जाकर गिरीं। जापान की सरकारी समाचार एजेंसी क्योडो की रिपोर्ट के मुताबिक यह मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र तक नहीं पहुंच सकीं। इससे पहले दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने दक्षिणी प्रांत हामग्योंग के सोनडोक शहर से जापान के समुद्री क्षेत्र की ओर अज्ञात मिसाइलों का परीक्षण किया।

### कोरोना से 2 की मौत, 6 नए मामले मिले

**बगदाद।** इराक में कोरोनावायरस के चलते दो लोगों की मौत हो गई, जबकि देश में कोविड-19 संक्रमण के छह नए मामले सामने आए हैं। इराकी हेल्थ मिनिस्ट्री ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, देश में अब तक कोरोनावायरस संक्रमण के कुल 60 मामले सामने आए है, जिसमें से अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। सिन्हुआ ने मिनिस्ट्री के हवाले से कहा कि नए छह मामलों में प्रत्येक प्रांतों में एक-एक मामला सामने आया है। इसमें मुथन्ना, अनबर, धीर कर, नजफ, मायसन और इराक की राजधानी बगदाद शामिल हैं। वहीं दो नई मौतें मायसन और बाबिल के दो प्रांतों में दर्ज की गईं। देश में कोरोनावायरस संक्रमण के मामलों की पुष्टि होने के बाद इराकी अधिकारियों ने इसके प्रसार को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं।

### दुनिया के 101 देश कोरोना की चपेट में: डब्ल्यूएचओ

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 100 से अधिक देशों में कोरोना वायरस के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में कोरोना वायरस के अब तक 105,580 से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान बुल्गारिया, कोस्टा रिका, फारे द्वीप, फ्रेंच गुयाना, मालदीव, माल्टा, मार्टिनीकी और रिपब्लिक ऑफ मोलडोवा समेत आठ नए देशों में कोरोना वायरस के मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। डब्ल्यूएचओ के ताजा आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में 101 देशों में कोरोना वायरस के मामले सामने आए हैं। चीन में 80,859 मामलों की पुष्टि हुई है जबकि चीन से बाहर अन्य देशों में 24,727 मरीज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। चीन में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 3100 हो गयी है जबकि 484 लोगों की मौत चीन से बाहर हुई है।

### दिल्ली हिंसा में सबसे ज़्यादा जान गवाने वाले 20 से 34 साल के युवा

» जीटीबी अस्पताल ने जारी किए आंकड़े

**नईदिल्ली।** दिल्ली दंगे शांत होते ही अब उसमे हर रोज नए खुलासे सामने आ रहे हैं. हाल ही में गुरू तेग बहादुर अस्पताल ने एक आंकड़ा जारी किया है. अस्पताल के आंकड़ों की मानें तो दिल्ली दंगे में मरने वालों में सबसे ज़्यादा 20 से 34 साल की उम्र के युवा हैं. वहीं घायलों पर नज़र दौड़ाएं तो यहां भी युवाओं की संख्या ही सबसे ज़्यादा है. हालांकि मरने वालों का आंकड़ा 53 बताया जा रहा है, लेकिन 44 की मौत जीटीबी में हुई है तो उन्हीं की उम्र का आंकड़ा अस्पताल ने जारी किया है। जीटीबी अस्पताल में अभी तक दिल्ली दंगे से जुड़े 44 लोगों की मौत हो चुकी है. इसमे से 2 लोगों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है. जबकि 42 लोगों की शिनाख्त हो गई है और डेड बॉडी उनके घर वालों को दी जा चुकी है. अगर अस्पताल के आंकड़ों की मानें तो 20 से 24 साल के 9, 25 से 29 के 9, 30 से 34 साल के 8 युवाओं की मौत दंगे में हुई है।

## बधाई एवं अवकाश सूचना

**सभी पाठकों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ**

होली त्यौहार के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 10 एवं 11 को अवकाश रहेगा। अगला अंक 12 को प्रकाशित होगा।

## तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, एनकाउंटर जारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आंतकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज सुबह शोपियां शहर से आठ किलोमीटर दूर रेबान में राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया।



## गनी ने दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली



**काबुल।** अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिये राष्ट्रपति पद की शपथ ली। वहीं, उनके प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने भी समानांतर रूप से राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली।इससे तालिबान के साथ शांति वार्ता से पहले देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। गनी ने शपथ ग्रहण समारोह में कहा, '' मैं अल्लाह के नाम पर शपथ लेता हूं कि मैं पवित्र इस्लाम धर्म का पालन और उसकी रक्षा करूंगा। मैं संविधान का सम्मान, उसकी निगरानी और उसे लागू करूंगा।'' गनी ने विदेशी मेहमानों, राजनयिकों और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में एक शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ली।

## देश में कोरोना वायरस के 43 मामलों की पुष्टि

» चार नए मामलों का पता चला

**नईदिल्ली।** अब तक देश में कोरोना वायरस से संक्रमण के कुल 43 पुष्ट मामलों की जानकारी मिली है। (केरल में संक्रमित तीन लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है) बाकी 40 मामले सक्रिय संक्रमण के हैं।

कल से अबतक जिन चार नए मामलों की जानकारी मिली है उनमें से एक केरल के एर्नाकुलम से, एक दिल्ली से, एक उत्तर प्रदेश से और एक जम्मू से है। केरल में कल जिन पांच नए मामलों का पता चला था उनमें से तीन लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल ही में इटली की यात्रा की थी और दो अन्य उनके परिजन हैं जो उनके संपर्क में आए थे। इन लोगों ने हाल ही में कुछ पारिवारिक समारोह में हिस्सा लिया था और अपने कुछ रिश्तेदारों से मिलने गए थे। उनके संपर्क में आए व्यक्तियों का पता लगाया जा रहा है। कोविड के 3003 नमूनों की जांच में से 43 के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है जबकि 2694 नमूने नेगटिव पाए गए हैं।



अबतक विदेशों से आने वाली 8255 उड़ानों के कुल 874708 यात्रियों की हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग की जा चुकी है जिसमें से 1921 के कोरोना से संक्रमित होने का संदेह है। इनमें से 177 को अस्पताल में भर्ती किया गया है। कुल 33,599 यात्रियों को निगरानी में रखा गया है और 21,867 यात्रियों की निगरानी की अवधि पूरी हो चुकी है। आने वाले यात्रियों से अपील की गई है कि वह हवाई अड्डों पर स्वघोषित प्रपत्र भरते समय अपनी यात्रा की पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से दें और यह बताएं कि वह किन-किन स्थानों की यात्रा कर चुके हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विशेष सचिव ने बताया है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक मरीज के कोरोना संक्रमण की जांच की गई थी जो नेगेटिव पाई गई है। देश में कोरोना संक्रमण से मौत को कोई मामला नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और संक्रमण से निबटने की तैयारियों और प्रयासों की समीक्षा कर रहे हैं।

### होली के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे राजनाथ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि वह कोरोना विषाणु के संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस साल होली के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। राजनाथ सिंह ने ट्विटर पर कहा, कोरोना वायरस के ख़तरे से निपटने के लिए विशेषज्ञों की राय को ध्यान में रखते हुए मैं इस बार होली एवं होली मिलन से जुड़े किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं लूँगा। रक्षा मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता का ध्यान रखें और इस विषाणु के संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक सावधानी ज़रूर बरतें।

## सप्ताह भर चलने वाली प्रदर्शनी एवं मेला एकम उत्सव समाप्त

» राज्यमंत्री गुर्जर ने दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों को दिए पुरस्कार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सोमवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय विकलांग वित्त विकास निगम द्वारा आयोजित सप्ताह भर चलने वाली प्रदर्शनी एवं मेला एकम फेस्ट में भाग लेने वाले दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों को पुरस्कार प्रदान किए।

इस फेस्ट का उद्घाटन 2 मार्च, 2020 को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन जयराम गडकरी तथा केंद्रीय महिला, बाल विकास तथा कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी की उपस्थिति में हुआ था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और रतन लाल कटारिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गुर्जर ने कहा कि विशेष रूप से दिव्यांग उद्यमियों और दिव्यांगों के लिए काम करने वाले संगठनों के लिए किसी प्रदर्शनी एवं मेले के आयोजन का ऐसा प्रयास पहली बार इतने बड़े पैमाने पर किया गया है। 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 82 दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों ने सप्ताह भर चलने वाले 'एकम फेस्ट' में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।



एकम फेस्ट ने सांस्कृतिक संध्याओं में दिव्यांग कलाकारों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराया। 'एकम फेस्ट' में पूरे देश के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को जम्मू-कश्मीर से पुदुचेरी और नगालैंड से गुजरात तक प्रतिनिधित्व के साथ आमंत्रित किया गया था। इस फेस्ट में जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक हस्तशिल्प, हैंडलूम, एम्ब्रायडरी कार्य और ड्राई फ्रूट जैसे जीवंत उत्पाद पेश किए गए। फेस्ट में, लगभग 12 संगठनों और कारीगरों द्वारा विभिन्न उत्पादों के बनाने की प्रक्रिया का लोगों के सामने प्रदर्शन किया गया, इन कार्यों में - हथकरघे, इम्ब्रायडरी, चित्रकला, व्हीट ग्रास चित्रकला शामिल हैं। ग्राहकों ने न े त्र ा ह ी न दिव्यांगजनों से भोजन और सिर की मालिश कराने का लाभ उठाया। हरियाणा के प्रसिद्ध दिव्यांग ज्योतिषियों से ज्योतिषीय परामर्श भी लिये गये।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रशिक्षित दृष्टिहीन दिव्यांग महिलाओं द्वारा प्रारंभिक स्तर के स्तन कैंसर की जांच के लिए एनएवी, हौज खास, नई दिल्ली द्वारा एक मुफ्त शिविर का भी आयोजन किया गया था।

दृष्टिहीन दिव्यांग महिलाओं द्वारा एक फूड स्टॉल भी स्थापित किया था जहां इन महिलाओं द्वारा सबके सामने भोजन पकाया और ग्राहकों को परोसा जाता था। रोटरी क्लब में भी फूड स्टाल लगाया गया था और 'एकम फेस्ट' के दौरान प्रतिभागियों और अन्य ग्राहकों को 10 रुपये में खाना उपलब्ध कराया। सभी प्रतिभागियों को एनएचएफडीसी फाउंडेशन द्वारा बिक्री के रिकॉर्ड के लिए एक बिल-बुक प्रदान की गई थी। एकम फेस्ट के दौरान राजधानी में अप्रत्याशित रूप से बारिश होने और स्वास्थ्य चेतावनी के कारण बिक्री प्रभावित होने के बावजूद 8 लाख रुपये से अधिक की सामूहिक बिक्री दर्ज की गई। एनएचएफडीसी दिव्यांगजनों को आर्थिक पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और दिव्यांगजनों को अपने उद्यमों की प्रगति के लिए सशक्त बनाने हेतु अनेक कौशल विकास कार्यक्रम भी उपलब्ध कराता है।

## सिंधु नदी में गिरी बस, 20 लोगों की मौत, पांच गंभीर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में स्कार्दू जिले के रोंडू तहसील में सोमवार को एक बस के सिंधु नदी में गिर जाने से 20 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कार्दू के पुलिस उपायुक्त खुर्रम परवेज के मुताबिक दुर्घटना में 20 लोगों के मरने की रिपोर्ट मिली है। उन्होंने कहा कि सेना के हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। बस रावलपिंडी से स्कार्दू की ओर आ रही थी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार बस में कुल 25 यात्री सवार थे जिसमें से पांच लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है।



गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फिराक के अनुसार, बस रावलपिंडी से स्कार्दू के रास्ते में थी, जब यह गिलगित के पास खाई में गिर गई। फिराक ने कहा कि दुर्घटना का कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा, अभी तक मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि 20 लोग मारे गए हैं जबकि कुछ अन्य यात्रियों की स्थिति गंभीर है। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं, वो घायलों और मृतकों को अस्पतालों में स्थानांतरित करने में मदद कर रहे हैं। गिलगित बाल्टिस्तान के गवर्नर राजा जलाल हुसैन मकपून ने त्रासदी पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बता दें कि पाकिस्तान में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ज्यादातर हादसे लापरवाह ड्राइविंग और खराब सड़कों के कारण होते हैं।

## ताहिर के भाई पर लगा चांद बाग हिंसा में शामिल होने का आरोप

» पुलिस ने हिरसात में लिया

**नईदिल्ली।** दिल्ली हिंसा मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के निलंबित पार्षद ताहिर हैुसन के भाई शाह आलम हिरासत में ले लिया है. शाह आलम पर चांद बाग की घटना में शामिल होने का आरोप है. दिल्ली पुलिस अंकित मर्डर केस के सिलसिले में शाह आलम से पूछताछ कर रही है. गौरतलब है कि पुलिस ने शाह आलम के भाई ताहिर हुसैन को बीते शुक्रवार को हिरासत में लिया था. ताहिर हुसैन पर आईबी के अधिकारी अंकित शर्मा के मर्डर का आरोप है. आप के पार्षद ताहिर हुसैन पर पिछले दिनों दिल्ली में हुई हिंसा के सिलसिले में गंभीर आरोप लगाए गए हैं. उनके घर से आपत्तिजनक सामग्रिया बरामद होने की बात सामने आई. इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या मामले में भी ताहिर को आरोपी बनाया गया है. हालांकि, ताहिर इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते रहे हैं. बाद में पुलिस ने ताहिर हुसैन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और आम आदमी पार्टी ने भी उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया। पिछले दिनों पुलिस ने ताहिर हुसैन की लाइसेंसी पिस्टल और कई कारतूस दिल्ली जब्त किए थे. ताहिर हुसैन की पिस्टल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया।

## पड़ोसी की हत्या के आरोप में चार गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में 'काला जादू' के शक में 55 वर्षीय पड़ोसी की हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि हत्या शनिवार को नागपुर से 40 किलोमीटर दूर कुही तहसील में तब हुई जब आरोपियों ने पीड़ित विद्याधर रंगरी को पकड़ लिया और उसपर लोहे की छड़ से हमला किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को रंगरी पर काला जादू करने का शक था और वे अपने रिश्तेदार के बीमार होने के लिए उसे जिम्मेदार मान रहे थे. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुरुषोत्तम भुजाडे (32), देवेंद्र उर्फ डोमा भुजाडे (29), धर्मेंद्र भुजाडे (25) और श्रीधर भुजाडे (34) के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि सभी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (उत्पीड़न निवारण) कानून, महाराष्ट्र मानव बलि अन्य अमानवीय, अशुभ और अघोरी क्रिया निवारण एवं उन्मूलन कानून-2013 के तहत मामला दर्ज किया है. स्थानीय अदालत ने सभी चारों आरोपियों को पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### कोरोना के कारण स्कूल, विश्वविद्यालय बंद

**रियाद।** सऊदी अरब ने राज्य में नोवल कोरोनावायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोकने के लिए स्कूलों और विश्वविद्यालयों को निलंबित करने की घोषणा की है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने रविवार को शिक्षा मंत्रालय के एक बयान के हवाले से कहा कि यह निर्णय 9 मार्च से लागू होगा और अगली सूचना जारी होने तक बना रहेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कतीफ क्षेत्र में कोविड-19 के मामलों की रिपोर्ट के बाद स्कूलों और विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया गया था। इसके ठीक एक दिन बाद यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित ना हो वर्चुअल एजुकेशन प्रोग्राम्स सक्रिय किए जाएंगे।

## होली पर राष्ट्रपति ने दी देशवासियों को बधाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने होली पर अपने संदेश में कहा है, 'होली के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं।**



रंगों का उत्सव होली, शरद ऋतु के समापन का और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देता है। यह उत्सव, सभी के जीवन में आशा का संचार करने वाला होता है और इसलिए हमारी सांस्कृतिक परम्परा में होली का विशेष स्थान है। हर आयु और हर वर्ग के लोग इस त्योहार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। विविध रंगों से ओत-प्रोत होली का यह पर्व, हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिम्ब है।

मेरी कामना है कि इस पर्व के माध्यम से अपनी अमूल्य विरासत और जीवन-मूल्यों में देशवासियों का विश्वास बढ़े तथा यह त्योहार सभी लोगों में परस्पर सद्भाव व मैत्री को और मजबूत बनाए।'